NSW शिक्षा विभाग

Learning to work with letters and numbers

Family resources

अक्षरों और संख्याओं के साथ काम करना सीखना

पारिवारिक संसाधन

शुरूआती वर्षों का शिक्षा-प्राप्ति ढांचा (Early Years Learning Framework) राष्ट्रीय शिक्षा-प्राप्ति ढांचा है जिसका प्रयोग प्रीस्कूलों और सभी शुरूआती बाल्यकाल (एर्ली चाइल्डहुड) सेवाओं में किया जाता है। यह शिक्षा-प्राप्ति के पांच परिणमों के साथ शिक्षण और अध्यापन को मार्गदर्शित करता है जिससे बच्चों को सुदृढ़ तथा सक्षम छात्र बनने में सहायता मिलती है।

शिक्षण परिणाम 5 (Learning Outcome 5) इस बारे में है कि बच्चे प्रभावी संचारक बनें। इसका यह अर्थ है कि वे भाषा के बारे में सीख सकते हैं, बोली, कहानियों और गीतों में ध्वनियाँ तथा पैटर्न सुन सकते हैं और उनपर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। नई जानकारी का पता लगाने तथा अपने विचार प्रदर्शित करने के लिए बच्चे अपने दैनिक जीवन में टैक्नोलॉजी का प्रयोग कर सकते हैं। वे संख्याओं, गिनती, मापन और आकार जैसे गणित के सिद्धांतों के बारे में सीख सकते हैं।

Early Years Learning Framework केबा रे में और अधिक जा नका री केलिए यह वेबसा इट देखें: https://www.dese.gov.au/collections/translations-belonging-being-and-becoming-early-years-learning-framework-australia

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया अपनी संतान के प्रीस्कूल या एर्ली चाइल्डहुड सेवा से संपर्क करें। यदि अपनी पूछताछ में सहायता के लिए आपको दुभाषिए की ज़रूरत है तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में दुभाषिए के लिए निवेदन करें। ऑपरेटर आपके द्वारा प्रदान किए फोन नम्बर पर कॉल करेगा और आपकी पूछताछ में आपकी मदद करने के लिए दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

NSW GOVERNMENT

स्कूल पर शिक्षा-प्राप्ति

विद्यार्थी अपने खुद के विचार विकसित और व्यक्त कर सकते हैं (विषय: अंग्रेज़ी और गणित)

विद्यार्थी संवाद करने के लिए सुन, बोल, पढ़ और लिख सकते हैं (विषय: अंग्रेज़ी और गणित)

विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में गणित के कौशल का प्रयोग कर सकते हैं (विषय: गणित)

विद्यार्थी स्कूल पर और अपने दैनिक जीवन में दूसरों से बात करने के लिए टैक्नोलॉजी का प्रयोग कर सकते हैं (विषय: सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी)

शुरूआती शिक्षा-प्राप्ति

बच्चे कहानियाँ और गीत सुन सकते हैं, इनका अर्थ समझ सकते हैं और इनका निर्माण कर सकते हैं

बच्चे अपनी खुद की संस्कृतियों और अपनी भाषा में कहानियाँ साझी करते हैं

बच्चे यह बता और साझा कर सकते हैं कि संगीत, नाट्य, कला और नृत्य से उन्होंने क्या सीखा है

बच्चों को यह पता चलता है कि वे अपने दैनिक जीवन में संख्याओं, गिनती और मापन का प्रयोग कर सकते हैं

प्रभावी संचारक होने का अर्थ है: